फेनोम इंडिया-CSIR हेल्थ कोहोर्ट नॉलेजबेस (PI-CheCK)

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में, **वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)** ने अपनी अभूतपूर्व अनुदैर्ध्य स्वास्थ्य निगरानी परियोजना, **'फेनोम इंडिया-CSIR हेल्थ कोहोर्ट नॉलेजबेस' (PI-CheCK)** के पहले चरण के सफल समापन की घोषणा की।

- वर्ष 2023 में लॉन्च किये जाने वाले PI-CheCK का उद्देश्य भारतीय आबादी में गैर-संचारी (कार्डियो-मेटाबोलिक) रोगों के जोखिम कारकों का आकलन करना है।
    - इस अनूठी पहल में लगभग 10,000 प्रतिभागियों को नामांकित किया गया है, जो विभिन्न मापदंडों पर व्यापक स्वास्थ्य डेटा प्रदान कर रहे हैं, तथा इसमें नमूना संग्रह के लिये CSIR द्वारा विकसित **लागत प्रभावी मानक संचालन प्रक्रिया का उपयोग** किया गया है।
    - आनुवांशिक तथा जीवनशैली जोखिम कारकों पर विचार करके कार्डियो-मेटाबोलिक रोगों के पूर्वानुमान मॉडल को बेहतर बनाने, भारतीय आबादी में उनके बढ़ते जोखिम को समझने के साथ-साथ रोकथाम एवं प्रबंधन हेतु बेहतर रणनीति विकसित करने के लिये **पहली बार एक राष्ट्रव्यापी अनुदैर्ध्य अध्ययन** किया जा रहा है।
- CSIR की स्थापना **सितंबर 1942** में हुई थी, इसका **मुख्यालय नई दिल्ली** में है तथा इसका वित्तपोषण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा किया जाता है।

और पढ़ें: गैर-संचारी रोग, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/phenome-india-csir-health-cohort-knowledgebase